






नवभारत 04
इंदौर, रविवार, 31 मई, 2026


## एक नजर में

### घूघरियाखेड़ी में शहीद राजेंद्र यादव की 27वीं पुण्यतिथि पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**घूघरियाखेड़ी, निप्र ।** ग्राम घूघरियाखेड़ी में कारगिल युद्ध के वीर शहीद राजेंद्र यादव की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कमलेश पटेल फौजी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर शहीद राजेंद्र यादव की धर्मपत्नी को सम्मान स्वरूप स्मृति-चिन्ह (शील्ड) भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश पटेल फौजी ने कहा कि शहीद राजेंद्र यादव ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।उन्होंने कारगिल युद्ध में दुश्मनों का बहादुरी से सामना करते हुए देश की रक्षा के लिए अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया, जिसे देश सदैव याद रखेगा।उन्होंने कहा कि शहीदों के त्याग और बलिदान के कारण ही देशवासी सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं।युवाओं को शहीद राजेंद्र यादव जैसे वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सभी ने शहीद राजेंद्र यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बलिदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।



### पर्यावरण जागरूकता के साथ ही सकोरे वितरण किए



**भीकनगांव, निप्र ।** वन्य जीव पक्षियों को भीषण गर्मी में पीने के पानी की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वयं सेवी संस्था कबीर लोक कल्याण समिति भीकनगाव द्वारा ग्राम बमनाला आम जनता को पर्यावरण के बीच जागरूकता अभियान चलाया ।साथ ही जल संचय, वर्षा जल संग्रहण तथा वृक्षों की सुरक्षा का संदेश भी दिया। फोरम के प्रदेश अध्यक्ष के बी मंसारे ने विचार रखते हुए बताया कि आज की स्थिति में तापमान में अत्यधिक वृद्धि तथा असमय मौसम में बदलाव होना पर्यावरण के साथ क्षति पहुंचाने से हुआ है ।असमय बारिश, तथा पृथ्वी का क्लाइमैट बदलाव इसी के गंभीर परिणाम हैं।इस अवसर पर गोपाल मोरे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भील समाज संघ, चैन सिंह डावर, श्यामलाल कनासे, लीला बाई डावर, पन्नालाल गोलकर आदि उपस्थित रहे।पक्षियों के लिए पचास सकोरो का वितरण भी किया गया।

### दर्शनोदय तीर्थक्षेत्र थूबोनजी में हुए डॉ. नरेन्द्र जैन भारती सम्मानित



**सनावद, निप्र ।** श्री दिगम्बर जैन दर्शनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र थूबोन जी में पार्श्व ज्योति मंच सनावद के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती एवं अ.भा. दि जैन विद्वत् परिषद के उपाध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र जैन भारती का कमेटी ने सम्मान किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रियम जैन ने बताया कि भा.ज.पा के अशोक नगर जिले के कार्यकर्ताओं का पंडित दीनद?याल उपाध?याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन थूबोन जी क्षेत्र पर हुआ।जिसमे विद्वान द्वय ने भाग लिया तथा डॉ. सुरेन्द्र भारती का जैन धर्म और दर्शन पर विशेष व्याख्यान हुआ। समापन पर दोनों विद्वानों का जिला अशोकनगर भा.ज.पा. पद?धिकारियों द्वारा पार्टी पट्टिका तथा भारतमाता का चित्र तथा थूबोन जी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष संजीव जैन, विपिन जैन, विजय धुर्रा द्वारा तीर्थक्षेत्र स्थित बड़े बाबा भगवान आदिनाथ का चित्र भेंट करते हुए अहिंसक पट्टिका,शॉल ओढाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया । विद्वान डॉ नरेन्द्र जैन भारती ने पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के आशीवीद से तीर्थक्षेत्र में हुए नवीन मन्दिरों के निर्माण, जीर्णोद्वार एवं तीर्थ विकास के कार्यों की महती प्रशंसा की।

### शिवराम कृष्णन बने खरगोन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**खरगोन, निप्र ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार और अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभार सुरेंद्र शर्मा एवं प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संगीता सोनी की अनुमति एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे की सहमति से जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति चंद्रशेखर बालसे के द्वारा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी की घोषणा में जिला उपाध्यक्ष शिवराम कृष्णन को बनाया गया है भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ता शिवराम कृष्णन को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष दायित्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों में हर्ष का वातावरण है।शिवराम कृष्णन लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान, हिन्दू समाज, सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार तथा समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किया है।उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता, राष्ट्रीय हिन्दू विचार और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शिवराम कृष्णन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के हितों की रक्षा, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा और अधिक सशक्त होगा तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।शिवराम कृष्णन की नियुक्ति को समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए समर्थकों ने कहा कि यह सम्मान उनके वर्षों के संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का परिणाम है।उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।



# एक छोर से दूसरे तक ऑफिस की दौड़ में आम लोग परेशान

## राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों को घंटों पड़ता है भटकना

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र ।** शहर में सरकारी कार्यालयों की दूर-दूर स्थित व्यवस्था आम जनता और किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। एक छोर पर तहसील कार्यालय तो दूसरे छोर पर एसडीएम कार्यालय होने से लोगों को अपने काम के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दस्तावेज सत्यापन, नामांतरण, सीमांकन और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों को घंटों भटकना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**दूर-दूर कार्यालयों से अधिकारी भी परेशान:-** तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर होने से केवल आमजन ही नहीं, बल्कि अधिकारी और कर्मचारी भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासनिक समन्वय और जरूरी कार्यों के लिए अधिकारियों को बार-बार एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक आना-जाना पड़ता है। इस व्यवस्था का असर कामकाज की गति पर भी दिखाई देने लगा है। जहां आमजन छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटक रहे हैं, वहीं अधिकारियों का समय भी आवागमन में व्यर्थ हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि तहसील कार्यालय को एसडीएम कार्यालय के समीप संचालित किया जाए तो प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और नागरिकों को भी राहत मिलेगी।



**जिम्मेदारों ने क्यों नहीं दिया ध्यान?:-** शहरवासियों का सवाल है कि जब दोनों कार्यालयों का निर्माण और संचालन तय किया जा रहा था, तब आमजन की सुविधा को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? वर्तमान स्थिति में लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ लगानी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसान, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हो रही हैं। लोगों का कहना है कि विकास कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि व्यवस्थाएं ऐसी हों जिससे जनता को सुविधा मिले, परेशानी नहीं।

**तहसील कार्यालय को एसडीएम कार्यालय के पास लाने की मांग:-** आम जनता का कहना है कि अधिकांश राजस्व और प्रशासनिक कार्य तहसील एवं एसडीएम कार्यालय से जुड़े होते हैं, इसलिए दोनों कार्यालय पास-पास होने चाहिए। लोगों ने मांग की है कि तहसील कार्यालय को एसडीएम कार्यालय के समीप स्थानांतरित किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिलने के साथ प्रशासनिक कार्यों में भी सुविधा और तेजी आ सके।

### आम जनता की मांग - एक ही जगह हों दोनों कार्यालय

बड़वाह में तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय अलग-अलग छोर पर होने से आमजनता और किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। छोटे-छोटे कामों के लिए भी लोगों को बार-बार एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का कहना है कि समय और पैसे की बर्बादी के साथ उन्हें घंटों तक भटकना पड़ता है। आमजनता की मांग है कि तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय को एक ही परिसर या एक ही स्थान पर संचालित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और प्रशासनिक कार्य भी सुगमता से हो सकें।

## मैराथन और दौड़ स्पर्धा में दिखाया दमखम

**महेश्वर, निप्र ।** गौरव दिवस के दूसरे दिन नगर परिषद महेश्वर द्वारा स्वस्थ, स्वच्छ एवं फिट महेश्वर के निर्माण के उद्देश्य से मैराथन एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या, नगर परिषद उपाध्यक्ष सचिन शर्मा एवं भूतपूर्व सैनिक गजानंद यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया।

नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की। दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम किशोर केवट (महेश्वर), द्वितीय स्थान राम सीताराम केवट तथा तृतीय स्थान देवेंद्र राकेश गहलोत ने प्राप्त किया मैराथन आयोजन ने नगरवासियों को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही महेश्वर नगर गौरव दिवस के उत्सव को नई ऊर्जा, उत्साह और जनभागीदारी से जोड़ते हुए सफल बनाया। दौड़ के समापन अवसर पर स्वच्छता निरीक्षक श्री आशीष सावनेर ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा स्वच्छ एवं सुंदर महेश्वर के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प कराया। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी महेश गहलोत, विजय पाटीदार, सहायक स्वच्छता निरीक्षक राहुल डागर, सफाई पर्यवेक्षक पंकज वेद, गबरू केवट सहित जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मालव गौरव अलंकरण से सम्मानित हुईं नीता शर्मा

**कसरावद, निप्र ।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के उपलक्ष्य में कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट, अनंत सेवा न्यास एवं कर्मशील जन जागरूकक संस्था, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान समारोह' एवं अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित नाट्य मंचन कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य एवं न्याय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती नीता संजय शर्मा को 'मालव गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेश महंत, सीमा अलावा (पुलिस अधीक्षक), वरिष्ठ समाजसेवी माला ठाकुर तथा कर्मवीर विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में श्रीमती नीता शर्मा को उनके सामाजिक सरोकारों, शैक्षणिक योगदान, साहित्यिक गतिविधियों तथा न्याय एवं जनसेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मालव गौरव अलंकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण समाज जिला खरगोन की जिला अध्यक्ष सीमा राकेश गीते, ब्लेंडिना सिंह, एमएसडब्ल्यू कॉलेज की एक्जीक्यूटिव मेंबर , अपर्णा जोशी राष्ट्रीय समन्वयक महिला प्रकोष्ठ ,सहित अनेक सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने श्रीमती नीता शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




## बड़वाह क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के शोषण और कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग

**बड़वाह, निप्र।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ को बड़वाह क्षेत्र के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं द्वारा गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

जानकारी के अनुसार बड़वाह क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी शुभम जाटव द्वारा दशकों से कार्यरत अनुभवी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हटाकर अपना निजी आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायक के परिजनों की नियुक्ति करने के आरोप लगाए गए हैं।

2. अस्थाई, PDC एवं नवीन कनेक्शन के आवेदनों में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की शिकायतें भी संगठन के संज्ञान में आई हैं।

3. कर्मचारियों का आरोप है कि पद का दुरुपयोग कर कंपनी को वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है एवं निर्दोष संघ पदाधिकारी एवं ईमानदार कर्मचारियों की झूठी शिकायत कर उनका अनैतिक स्थानांतरण/सेवा समाप्ति करवाया जा रहा है परंतु भ्रष्टाचार के असली जिम्मेदारों एवं गुनहगारों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हुए उन्हें व्यक्तिगत रसूख के बल पर बचने का अवसर दिया जा रहा है।

4. पीड़ित कर्मचारियों का आरोप है कि वितरण केंद्र बड़वाह ग्रामीण में पदस्थ अधिकारी शुभम जाटव के पिता मध्य प्रदेश पुलिस एवं भाई लोकायुक्त भोपाल में पदस्थ हैं जिनके रसूख के बल पर यह बिजली उपभोक्ताओं के साथ कार्यालय में मारपीट करके भी कंपनी की छवि धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं इसके बावजूद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**संघ का पक्ष:-** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद एवं कर्मचारी शोषण का कड़ा विरोध करता है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। वर्षों से अल्प वेतन पर कंपनी की सेवा करने वाले कर्मचारियों की रोजी-रोटी छीनना एवं ईमानदार कंपनी कर्मचारियों को अनैतिक तरीके से फंसाने की साज़िश रचकर कर प्रताड़ित करके उनकी छवि को धूमिल करना अमानवीय कृत्य है।

**संघ की मांग:-** 1. प्रबंध निदेशक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर तत्काल इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराएं।

2. बिजली उपभोक्ता के सिंचाई ट्रांसफार्मर स्थापना में भ्रष्टाचार के कथित आरोपों के आधार पर स्थानांतरित किए गए कर्मचारी अवधेश शर्मा के प्रकरण की जांच, संघ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई जाए।

3. जांच पूरी होने तक बड़वाह ग्रामीण वितरण केंद्र से संबंधित अधिकारी शुभम जाटव एवं कार्यालय सहायक जितेंद्र परमार को मुख्यालय अटैच किया जाए ताकि जांच प्रभावित न हो।

4. बड़वाह ग्रामीण वितरण केंद्र में भाई-भतीजावाद के आधार पर भर्ती किए गए नवनियुक्त लोकेश परमार, संध्या, जालिम सिटोले, देवराम सहित अन्य कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाकर हटाए गए अनुभवी एवं ईमानदार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को तत्काल बहाल किया जाए।

5. दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए जो बिजली कंपनी में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए नजीर बने।

6. बड़वाह ग्रामीण के अंतर्गत पलासिया, कड़ियाकुंड एवं मांडाझोल स्थित अस्थाई कनेक्शनों की रसीदों का विभागीय मिलान कर जमीनी स्तर पर लगे पंपों का भौतिक सत्यापन कराया जाकर संबंधित उपभोक्ताओं के बयान दर्ज कराया जावे।

7. PDC, नवीन कनेक्शन सहित प्राप्त शिकायतों से संबंधित शिफ्टिंग प्रकरणों की विशेष जांच एवं ऑडिट कराई जाए।

संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि संघ, ईमानदार तकनीकी कर्मचारियों पर आरोप लगाने एवं व्यक्तिगत रसूख के बल पर अनैतिक तरीके से ईमानदार कर्मचारियों को फंसाने की साजिश रचते हुए विभाग के संवेदनशील आंतरिक मामलों को सड़क पर घसीट कर कंपनी की छवि को धूमिल करने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उक्त गंभीर मामले में यदि संघ प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर निष्पक्ष जांच प्रारंभ करके 07 दिवस के भीतर पीड़ित कर्मचारियों को न्याय नहीं मिला तो संघ, बड़वाह संभाग से लेकर कंपनी मुख्यालय इंदौर तक चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

## समाजसेवी मुश्ताक मलिक ने गरीब रेहड़ी व्यापारियों को वितरित की छतरियां



**बड़वाह/सनावद, निप्र ।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच जरूरतमंद लोगों की मदद के उद्देश्य से सनावद के समाजसेवी मुश्ताक मलिक द्वारा सराहनीय पहल की गई। उन्होंने बड़वाह, सनावद, ओंकारेश्वर सहित आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे छोटी-छोटी रेहड़ी एवं ठेलों पर व्यापार कर अपना परिवार चलाने वाले गरीब दुकानदारों को धूप से बचाव हेतु छतरियां वितरित कीं।

निमाड़ अंचल में तापमान लगातार 44 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है, जिससे खुले आसमान के नीचे दिनभर मेहनत करने वाले रेहड़ी व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में समाजसेवी मुश्ताक मलिक ने जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें छतरियां उपलब्ध कराईं, ताकि वे तेज धूप और गर्मी से कुछ राहत महसूस कर सकें। छतरियां पाकर रेहड़ी व्यापारियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में यह सहायता उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। समाजसेवी मुश्ताक मलिक ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और आगे भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे ,जिया शेख एवं वसीम खान ने भी छतरियां वितरित करने में सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के इस दौर में गरीब मेहनतकश लोगों के लिए छतरियां बहुत बड़ी राहत हैं। मुश्ताक मलिक द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है।

**एक नजर में** — कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना की हुई समीक्षा

## खरगोन की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 42वीं बैठक

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, खरगोन की 42वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन 29 मई 2026 को केन्द्र के सभागार में हाइब्रिड मोड में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. डी.के. वाणी, अधिष्ठाता, बी.एम. कृषि महाविद्यालय, खंडवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वाई.पी. सिंह, निदेशक विस्तार, राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेशक अटारी जबलपुर, डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, सह संचालक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र खरगोन तथा डॉ. आर.सी.आसवानी, वैज्ञानिक, निदेशालय विस्तार सेवाएं, ग्वालियर शामिल रहे। बैठक में उप संचालक कृषि श्री राजपूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.के. बडोदिया ने विगत छह माह में केन्द्र द्वारा संचालित गतिविधियों तथा आगामी छह माह की कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण पॉवर पॉइंट के माध्यम से समिति के समक्ष रखा। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय सिंह ने केन्द्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र जिले के कृषकों के उत्थान एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। मुख्य अतिथि के प्रतिनिधि डॉ. आर.सी. आसवानी ने सुझाव दिया कि मृदा परीक्षण की तरह सस्य विज्ञान, उद्यानिकी एवं गृह विज्ञान से जुड़ी आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देकर केन्द्र के रिवॉल्विंग फंड को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के प्रति किसानों को जागरूक करने तथा प्रक्षेत्र परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का चयन स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने फसल चक्र, खरपतवार प्रबंधन तथा लंबे रेशे वाली कपास जैसी फसलों पर प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित करने की आवश्यकता बताई। वहीं नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक विनीत भट्ट ने जिले की विशिष्ट फसलों को जीआई टैग के लिए चयनित करने का सुझाव दिया। उन्होंने महिला कृषकों के लिए विकसित कृषि उपकरणों को मानकीकृत करने तथा चारा फसलों पर भी प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में जिले के 12 प्रगतिशील कृषक एवं महिला कृषकों ने भी सहभागिता करते हुए पशुधन विकास एवं औषधीय फसलों पर वैज्ञानिक परीक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित किए जाने का सुझाव दिया, जिससे किसानों को नई तकनीकों की जानकारी मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो। सुमेर सिंह सोलंकी (एलडीएम), मदन कनास (पीडी आत्मा), प्रकाश ठाकुर, दीपक मालवीय (सहायक संचालक कृषि), रवि (एनएससी), मनीष कुमार मिश्र (सहायक यंत्री) सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

